Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-05-2023 | अंक 571

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### कोबरा वाहिनी 203 के जवानों ने पेश की मानवता की मिशाल, घायल का किया इलाज

**अपेम लाइव : बरही**

कोबरा वाहिनी 203 के जवानों ने अभियान में जाने के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के चांडिल के समीप देखा की एक स्कूटी सवार युवक को दुर्घटनाग्रस्त देखा । जिसे देखकर तत्काल कोबरा 203 के एमओआईसी डॉ अश्विन कुमार एवं उनकी टीम ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर अस्पताल में भर्ती कराया। युवक ने बताया कि वे अपनी स्कूटी से कही जा रहे थे। और इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गए। उन्होंने कोबरा 203 के चिकित्सक एवं जवानों की मदद से खुद को सुरक्षित महशुश किया जिसको लेकर उन्होंने धन्यवाद व आभार जताया।

### प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित जर्जर विवाह भवन की मरम्मति की मांग



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

बीस सूत्री सदस्य सह झामुमो के वरिष्ठ नेता राजू श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित विवाह भवन की मरम्मत के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि ब्ल०क परिसर में स्थित विवाह भवन की स्थिति देखरेख के अभाव में जर्जर हो गई है। इसमें पहले सीआरपीएफ 22 बटालियन का कैंप चल रहा था। बीते दो सालों से कैंप का स्थानांतरण हो जाने से यह भवन अभी वीरान पड़ा हुआ है। जो मामूली जीर्णोद्धार से बेहतर बनाया जा सकता है। इस विवाह भवन का सामुदायिक कार्यों में बेहतर उपयोग हो सकता है। जिससे आसपास के ग्रामीणों को शादी-विवाह अधिकारियों तथा सामुदायिक बैठक आदि भी संपन्न किए जा सकते हैं। जिससे स्थानीय जनता को काफी लाभ होगा। अभी यह भवन रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इसे प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत करवाने की मांग की है।

### नि:सनातन दम्पति वृद्ध का घर जलकर राख, मुखिया ने आमलोगों से की मदद की अपील




**अपेम लाइवः चौपारण**

चौपारण : प्रखण्ड के पंचायत दैहर के ग्राम दैहर के निःसन्तान वृद्ध दम्पति का घर बीते बुधवार को जलकर राख हो गया। इस सम्बंध में मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुशवाहा ने बताया कि बुधवार के दोपहर के समय लुकन महतो 85 वर्ष व इनकी पत्नी राजो देवी 80 वर्ष ग्राम नीमा निवासी का पूरा मकान जलकर राख हो गया है। इनके कोई संतान नहीं है। अब बुजुर्ग दम्पति पेड़ के छांव में जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। स्थानीय मुखिया ब्रह्मदेव भुइयां ने आम जनो से आर्थिक सहयोग व प्रभासन से आवास के अतिरिक्त सहयोग का अनुरोध की है।

# महंत फलाहारी बाबा के भू समाधि के वर्षगांठ पर विशेष पूजन

## श्री हनुमत सेवा संस्थान आयोजित करेगा प्रथम बैकुंठ उत्सव, साधु संतों और भक्तों का लगेगा जमावडा

**अपेम लाइवः चौपारण**







सिद्ध महंत फलाहारी बाबा के भू समाधि के प्रथम वर्ष पर उनके शिष्यों द्वारा प्रथम बैकुंठ उत्सव का आयोजन किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए उनके परम शिष्य आनंद चंद्रवंशी ने बताया कि श्री हनुमत सेवा संस्थान के द्वारा 21 और 22 मई को दो दिवसीय प्रथम बैकुंठ उत्सव फलाहारी बाबा की याद में मनाया जायेगा। इस उत्सव में साधु संतों तथा उनके शिष्यों का जमावड़ा बिगहा स्थित हनुमत मंदिर परिसर में रहेगा। बताया कि दो दिवसीय आयोजन में अखंड रामायण पाठ, हवन और पूर्णाहुति के साथ महाप्रसाद का वितरण होगा। इस आयोजन में निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर परम पूज्य सुखदेव दास जी महाराज, बृंदावन मयुर कुटीर से युगल दास जी महाराज, इस्कॉन के धर्मगुरु तथा भक्ति वेदांता शिक्षालय के संस्थापक डॉ केशवानंद प्रभु, श्री रामानुजाचार्य निवास जी महाराज, आचार्य बालमुकुंद पांडेय, ज्योतिषाचार्य शुभम पांडेय, हनुमत मंदिर के पुजारी कपिल पांडेय समेत 108 ब्राह्मण एवं सैकड़ों शिष्य के साथ क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवी, धार्मिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। बताते चलें कि सिद्ध महंत फलाहारी उर्फ आलु बाबा बीते तीस सालों से भी अधिक समय से क्षेत्र में सेवारत रहे। इस दौरान भद्रकाली मंदिर, ईटखोरी में निवास कर सेवा और राम भक्ति के मिसाल बने। उन्होंने अपने जीवन काल में कई मंदिरों का निर्माण कराया। भद्रकाली मंदिर परिसर में राम मंदिर उन्हीं की देन है। बाद में चौपारण के मरहेडी में कात्यायनी मंदिर, बिगहा में हनुमान मंदिर, गढकाली मंदिर, शिव मंदिर आदि उन्हीं के सा. न्निध्य में उनके भक्तों ने बनायें। अपने जीवन के अंतिम कई साल उन्होंने अपने परम भक्त आनंद के साथ बिताए। बीते साल 21 मई को उन्हें हनुमत मंदिर परिसर में ही भु समाधि दी गई। साथ ही श्री हनुमत सेवा संस्थान ने महंत फलाहारी बाबा की प्रतिमा स्थापित की व उनकी कुटिया को मंदिर का रूप दिया। यहां हर दिन सैकड़ों भक्त उनकी आराधना करने आते हैं। हर दिन उनकी आराधना,आरती की जाती है। उनके भक्त बाबा को काफी चमत्कारी मानते हैं। ऐसा माना जाता है कि उनकी सेवा में रहने वाले वालों के जीवन में काफी समृद्धि और खुशहाली आती है। आयोजन की तैयारी में कुमार राहुल, आनंद चंद्रवंशी, सुशांत राय, बिनोद सिंह, अंकित केशरी, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, बलराम यादव, मनीष सिन्हा, आशीष गुप्ता, प्रेम चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी समेत अन्य सभी सदस्य जुटे हैं।

# जन्मदिन की पार्टी में युवक के साथ मारपीट में घायल युवक का मौत, 24 घण्टे में मर्डर को जेल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : थाना अंतर्गत बड़ा मामला प्रकाश में आया है। जहां जन्मदिन की पार्टी के दौरान युवक के साथ मारपीट की गई। मारपीट में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था जिसका मौत इलाज के दौरान हो गया। यह घटना 15 मई की रात का है। मामला चौपारण थाना अन्तर्गत ग्राम रेम्बो करमा का है। उक्त घटना में राजेन्द्र सिंह पिता द्वारिका सिंह ग्राम रेम्बो करमा थाना चौपारण जिला हजारीबाग को गंभीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गया। इस संबंध में मृतक राजेन्द्र सिंह के पत्नि सु. निता देवी के द्वारा समर्पित आवेदन पर चौपारण थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ की गयी। घटना के गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय हजारीबाग द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए घटना का पूर्ण रुपेण उदभेदन करते हुए महज 24 घंटे अंदर ही हत्यारोपी दो अभियुक्त क्रमशः धर्मेन्द्र तुरी उर्फ चरपतिया एवं श्याम सुंदर तुरी दोनो पिता ग्राम लाटो तुरी ग्राम रेम्बो करमा थाना चौपारण जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूर्व से आपसी विवाद को लेकर जन्मदिन पार्टी में लड़ाई झगडा में मृतक राजेन्द्र सिंह को गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। छापामारी दल में पुअनि शम्भु नन्द ईश्वर थाना प्रभारी चौपारण, पुअनि संतदेव कुमार चौपारण थाना और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।



## बिजैया में हो रहे नौ दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ में रोज हो रही है कथा प्रवचन

### कथा प्रवचन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक, व्यवस्था देख की अयोजन समिति की सराहना

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


श्रद्धालुओं को संबोधित करते विधायक अकेला

बिजैया में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को अयोजन किया जा रहा हैं । इस महायज्ञ में शामिल होने, पूजा अर्चना करने तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए काफी संख्या में प्रतिदिन दूर दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महायज्ञ परिसर में झूला, मेला डिजनी लैंड सहित बच्चों के लिए कई तरह के मनो. रंजन का साधन लगाए गए हैं। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा है। प्रतिदिन कथावाचिका राघवप्रिया का संगीतमय प्रवचन हो रहा है। बुधवार देर रात कथा श्रवण के लिए विधायक उमाशंकर अकेला यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जहां यज्ञ समिति के लोगों ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। वही विधायक ने भी कथावाचिका राघव प्रिया को माला देकर स्वागत किया। महायज्ञ की व्यवस्था देख विधायक खुश हुए और यज्ञ समिति की सराहना की। विधायक ने कहा की कथा के श्रवण करने से नकारात्मकता खत्म होती है और सकारात्मक सोच की उत्पति होती है। आस पास भक्तिमय वातावरण का निर्माण होता है। भक्त को भगवान से जोड़ने का शसक्त मध्यम है कथा श्रवण। मौके पर भंडारों पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, सुरेश कुशवाहा सहित यज्ञ समिति के लोग मौजूद थे।

## प्रखंड मैदान में एपीके मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी. एस.जी तिलैया ने बीएसए बरही को 22 रन से हराया

### मैन ऑफ द मैच बने भी.एस.जी क्लब के पियूष कुमार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विजेता टीम को पुरस्कृत करते अतिथि

बरही प्रखंड मैदान में हो रहे सात दिवसीय अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सिरिज का अंडर 14 के बीच गुरुवार को खेला गया। मैच बीएसए बरही एवं भी.एस. जी तिलैया के बीच खेला गया। ट०स जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसजी तिलैया की टीम ने 25 ओवर में 10 विकेट खोकर 181रन बनाया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए बीएसए की टीम ने 25 ओवर में10 विकेट खोकर 159 रन ही बना पाई। इस तरह भी.एस.जी तिलैया ने बीएसए बरही को 22 रन से हरा कर विजेता बना। विजेता टीम के खिलाड़ी पीयूष कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। पुरस्कार वितरण सीता कुमार यादव के हाथों से किया गया। वहीं मैच में अंपायर के रूप में रिंकी राणा एवं रितिका राणा थी। जबकि स्कोरर के रूप में अर्णव चौरसिया ने दायित्व निभाया । साथ ही मैच को सफल बनाने में बलराम केशरी, कुलदीप कुमार, बसंत ठाकुर, संतोष शर्मा, एवं अब्दुल मन्नान वारसी की भूमिका सराहनीय रहा।

## भंडारों पैनिया आहार का होगा गहरीकरण, सैकड़ो एकड़ कृषि योग्य भूमि की होगी सिंचाई

### विधायक के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया गहरीकरण का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पैनीया आहार का गहरी करण का शिलान्यास करते विधायक एवं अन्य

भंडारों पंचायत के पेनिया आहार का तालाब का गहरी करन 15 वित से लगभग 11 लाख 88 हजार रुपए की लागत से होगी। गहारीकरण कार्य का शुभारंभ के लिए स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला, ज़िला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव , पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि इलियास खान, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो क्यूम , उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही प्रखंड के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने संयुक्त रूप से किया। इस योजना के संबंध में मुखिया रीना देवी के प्रतिनिधि सकलदेव यादव ने बताया की जिला परिषद के 15 वित से पैनिया आहार का गहरी करण का कार्य किया जाना है। इस कार्य को संवेदक रमजान अंसारी के द्वारा पूरा कराया जाएगा। जेई मो इरसाद के देख रेख़ में इस योजना को पूरा की जायेगा। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया की इस तालाब के गहरीकरण से जल संचय होगा और इससे सैकड़ो एकड़ में सिंचाई की व्यवस्था हो सकेगी। विधायक ने कहा की किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था के लिए हम संकल्पित हैं। इस आहार के गहरीकरण से भी खेत तक पानी जा सकेगा। शिलान्यास के समय भंडारों पंचायत के पूर्व मुखिया सराफ़त अली, बिजैया पंचायत पूर्व मुखिया दशरथ यादव,बंधन यादव, रघुबीर यादव, बैजनाथ यादव, पप्पू ख़ान, ताहिर हुसैन, सौकत अली, वार्ड सदस्य कलाम अंसारी, तैयब अंसारी, तसरुल अंसारी, ड० इरफ़ान, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जिब्राइल अंसारी, रहमत अली, सौकत अली, अब्दुल रसीद, वार्ड सदस्य प्रति. निधि ग़ुलाम अंसारी, अबरार अंसारी, हलीम ख़ान, नकुल करंदेव, रामचन्दर यादव, समसेर आलम डपोक के समाजसेवी जागेश्वर यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि रवि यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय बेंदगी में एसएमसी की बैठक, विद्यालय विकास पर चर्चा, 170 बच्चों को मिला पोशाक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बच्चों को पोशाक वितरण करते जनप्रतिनिधि

राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष दिनेश कुमार साव एवं संचालन सचिव सुरेश प्रसाद रजक ने किया। मुखिया गोविंद साव , बेंदगी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि झमन यादव , ब्रांड एंबेसडर मो तौकीर रजा मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में विद्यालय विकास एवं शैक्षणिक व्यवस्था पर चर्चा किया गया। सुरेश प्रसाद रजक ने बताया की बच्चो के विकास में अभिभावकों एवं समिति का अहम रोल है। विद्यालय के विकास में समिति का योगदान रहता है। कई ऐसे बच्चे हैं जो रेगुलर स्कूल नहीं आते है। कई बच्चे ऐसे भी है। जो प्रतिदिन स्कूल लेट से आते हैं। ऐसे बच्चों के अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है। मुखिया गोविंद साहू ने कहा की विद्यालय का समुचित विकास के लिए शिक्षकों, एसएमसी एवं अभिभावकों के बीच समन्वय जरूरी है। मौके पर मुखिया, अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने वर्ग तीसरा से सप्तम तक के 170 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। मौके पर प्रधानाध्यापक सुरेश रजक, शिक्षक मोहिउद्दीन, रिजवान अहमद,उषा रानी, महेश यादव, सरोज देवी, संध्या कुमारी, रेखा कुमारी, नसरीन बानो, साक्षी कुमारी, बीरेंद्र प्रजापति, सहित कई लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## तेजस्विनी परियोजना बंद होने से हमारी रोजी रोटी छीन जायेगी : बीना

**अपेम लाइव : लातेहार**

**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यायल के परिसदन में तेजस्विनी कर्मचारी संघ के बैनर तले लोगों ने झारखंड सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री सह लातेहार जिला प्रभारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ के रविंद्र कुमार ने कहा कि तेजस्विनी लातेहार जिला में 2019 में इस परियोजना की शुरूआत हुई हैं। शुरूआत के साथ ही हम इसमें काम कर रहे हैं। अचानक राज्य सरकार के द्वारा जिला को एक लेटर भेज दिया जाता है और कहा जाता है कि तेजस्विनी परियोजना के तहत कार्य कर रहे लोगों का सेवा 25 अगस्त 2023 के बाद बंद कर दिया जायेगा और परियोजना को जेएसएलपीएस को हैं ओवर कर दिया जायेगा। इससे हम सभी बेरोजगार हो जायेगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आज मंत्री के द्वारा हम सभी को आश्वासन मिला है कि इस बंद नहीं किया जायेगा और इसे आगे भी विस्तार किया जायेगा। आप सभी लोग सेफ रहेंगे। वहीं संघ की बीना देवी ने कहा कि हम सभी 14 से 24 वर्ष के किशोरियों को प्रशिक्षण देकर आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करने कार्य करते है। यह इसे 25 अगस्त के बाद विस्तार नहीं दिया जायेगा तो हम कहीं का नहीं रहेंगे। हमारी रोजी रोटी छीन जायेगी। अब हमारी उम्र भी नहीं रहा कि हम सभी दूसरा नौकरी सर सकते हैं। साथ ही बीना ने कहा कि मंत्री जोबा मांत्री ने हम सभी से मुलाकात में कहा कि आप घड़बड़ाए नहीं आप सभी को आगे भी सेवा विस्तार दिया जायेगा। आप सभी सेफ रहेंगे।

## योग प्रशिक्षकों ने आयुष पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : लातेहार**

**नीरज सिन्हा**



लातेहार : एनजीओ के माध्यम से जिले में योग शिक्षकों की बहाली नहीं कराने की मांग को लेकर जिले के योग प्रशिक्षकों ने आयुष पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने कहा कि जिले में आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य,चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग आयुष निदेशालय के निर्देश पर योग प्रशिक्षक की बहाली विभिन्न एनजीओ के माध्यम से किया जाना है जो योग शिक्षकों के हित में नहीं है। इस बहाली को एनजीओ के माध्यम से नहीं करा कर आयुष विभाग के द्वारा की जानी चाहिए ।योग प्रशिक्षकों ने कहा कि एनजीओ के माध्यम से बहाली किए जाने के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों के योग शिक्षकों में आक्रोश है ।ज्ञापन सौंपने वालों में घनश्याम यादव, सुनीता गुप्ता, सुदर्शन कुमार गुप्ता, रुचि प्रिया, पप्पू महतो व दीप्ति आदि का नाम शामिल है।

## भगहर महुआ शराब का रूप लेता जा रहा सिंघरावां

### दर्जन भर जगहों में चुलाई व बिक्री किया जा रहा अवैध महुआ शराब

**अपेम लाइवः चौपारण**

प्रखंड मुख्यालय से 13 किमी दूर ग्राम पंचायत सिंघरावां के आसपास दर्जन भर जगहों में अवैध तरीके से महुआ शराब की चुलाई व बिक्री किया जा रहा है। मालूम हो कि झारखंड-बिहार के सीमा पर बसा अति उग्रवाद प्रभावित भगहर पंचायत में खुल्लेआम अवैध तरीके से घर-घर महुआ शराब चुलाई किया जाता है। तैयार शराब को बिहार में बेचा जाता है। यह काम भगहर मे कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। जहां बंद करवाने के लिए झारखंड सरकार के शिक्षा सह उत्पाद मंत्री जगरनाथ महतो गए थे। दुख की बात है कि मंत्री जी अब इस धरती पर नही रहे पर भगहर में अवैध महुआ शराब की भट्ठियां 200 से 400 से अधिक हो गई है। प्रशासन की वि. फलता का ही परिणाम है कि सिंघरावां में दर्जन भर जगहों पर शराब बनाने व बेचने का काम किया जा रहा है। जिसमे शुक्रवार बाजार, मंगल बाजार, हाई स्कूल रोड, टिट्ही जीटी रोड, पांच नंबर जंगल के समीप भुइयां टोली सहित अन्य जगहो पर बनाने व बेचने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। समय रहते प्रशासन ने विराम नही लगाया तो भगहर का रूप ले लेगा। साथ ही रामपुर, बसरिया, दैहर, गो. बिंदपुर, पड़रिया, कर्मा, चौ. थी, बहेरा, मानगढ़ सहित अन्य पंचायतों में शराब का बेखौफ खेल चल रहा है।

## जनसेवक संघ का हड़ताल 10वें दिन भी रहा जारी

**अपेम लाइव : लातेहार**

**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जनसेवक संघ का हड़ताल 10वें दिन भी जारी रहा । ज्ञात हो कि जनसेवकों ने अपनी 11 सूत्री मांग को लेकर यह अनिश्चितकालीन हड़ताल किया है। जिसमें इनकी प्रमुख मांग है कि 11 वर्ष कार्य करने के बाद जब इनको प्रमोशन का समय आया तो सरकार के द्वारा उलटा कार्य करते हुए जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया गया। हड़ताल पर बैठी जनसेवक सुजाता कुमारी ने कहा कि सरकार ने ना केवल हमारा हक मारने का कार्य किया है, बल्कि हमारे परिवार का भी हक छीनने का कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अफसोस है कि हम सभी पिछले 10 दिनों से इस तपती धूप में अपना घर परिवार को छोड़ अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और जिला प्रशासन के कोई भी अधिकारी या पदाधिकारी ना तो हम से बात करने आएं और ना ही हमें किसी प्रकार का आश्वासन ही दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे साथ अन्याय हुआ है। झारखंड में यह एक इतिहास रचा गया है कि 11 साल कार्य करने के बाद जहां ग्रेड पे में बढ़ोतरी होती है वहीं हमारा ग्रेड पे घ्टाकर 2000 करने का कार्य किया गया है। हम अपनी मांगो पर डटे हैं और आगे भी डटे रहेंगे ।वहीं जनसेवक रवि कुमार ने कहा कि कृषि मंत्री के द्वारा हमें आश्वासन तो मिला पर पर हम आश्वासन से काम नहीं चलेगा। जैसे कृषि निदेशक के द्वारा लेटर जारी कर प्रमाण पत्र दिया गया है उसी प्रकार सरकार हमारे लिए भी लेटर जारी कर प्रमाण पत्र दें, तभी हम वापस काम पर लौटेंगे। मौके पर प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अर. विंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक शामिल थे।


## संवेदकों ने भवन निर्माण विभाग से निकाले गए टेंडर का किया बहिष्कार

**अपेम लाइव : लातेहार**

**नीरज सिन्हा**

लातेहार : जिले के संवेदकों ने गुरुवार को स्थानीय स्तर पर भवन निर्माण विभाग से निकाले गए टेंडर का बहिष्कार किया। संवेदकों की ओर से बताया गया की भवन निर्माण विभाग के द्वारा नियम कानून से हट कर अपना नियम लगा कर निविदा निकाला जा रहा है ।जिससे हमलोगों को काफी परेशानी हो रही है ।जबकि कई कार्य पूर्ण होने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है ।6 से ज्यादा महीने से भुगतान बाकि है ।जिस कारण सप्लार और दुक. ।नदारों का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है नतीजा उनलोगों के द्वारा प्रतिदिन तगादा पर तगादा किया जाता है जिस कारण हमलोग को रोड पर चलना मुश्किल हो गया है ।मौके पर जिले के कई संवेदक मौजूद रहे ।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 18-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## आईएससी स्टेट सेकेंड टॉपर शुभांगिनी को जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकठ्ठा प्रखण्ड अंतर्गत झुरझुरी पंचायत के ग्राम गुंजरा निवासी रविकांत प्रसाद ( बीएसएनएल इंजीनियर) एवं प्रो डॉ शंकुतला की बेटी एवं सेवा. निवृत्त हाई स्कूल प्रधानाध्यापक शिक्षक नारायण प्रसाद की पोती शुभांगिनी उर्फ मानसी ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं साइंस ग्रुप में 98.2% अंक प्राप्त करके झारखंड स्टेट में सेंकेंड टॉपर को जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय ने घर जा कर बधाई दी। मौके पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि बरकठ्ठा की बेटी शिवांगिनी ने हज़ारीबाग जिला के साथ साथ मेरे क्षेत्र का नाम नाम पूरे झारखण्ड में रौशन की है जो गर्व की बात है। साथ ही युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। हम सभी इनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देती हूँ। शिवांगिनी ने विगत वर्ष 2022 में बायोल०जी के नेशनल ओलंपियांड में स्टेट टॉपर रही एवं वर्ष 2021 में 10वीं बोर्ड में 98% अंक प्राप्त कर संत जेवियर हज़ारीबाग स्कूल टॉपर बनी थी।

## सारूकुदर में दस लाभुकों को मिला पेंशन स्वीकृति पत्र

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



प्रखंड के सारूकुदर पंचायत भवन में गुरुवार को दस योग्य लाभुकों को पेंशन का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। मुखिया उत्तम महतो के प्रयास से लाभुकों को विधवा, सामाजिक सुरक्षा तथा वृद्धा पेंशन का स्वीकृति पत्र मिलने से सभी के चेहरे खिल पड़े। मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा जारी पेंशन राशि से समाज के अंतिम व्यक्ति को काफी आर्थिक मदद मिलती है। यह उनके जीवन का एक बड़ा सहारा बनता है। कहा कि हरेक असहाय, वृद्ध एवं विधवा को पेंशन तथा सरकारी राशन उपलब्ध करवाना मेरी प्राथमिकता है। पेंशन स्वीकृति पत्र पाने वाले लाभुकों में सोमरी देवी, दर्शनी देवी, जालेश्वरी देवी, फागू महतो, सुभद्रा देवी, डुमरचंद महतो, होरिल मिस्त्री, जीबलाल महतो, इब्राहीम अंसारी आदि शामिल हैं। मौके पर वार्ड सदस्य ललिता देवी, करमली अंसारी, पंचायत सचिव सरयू पासवान, टे. कलाल महतो, नंदलाल महतो, योगेंन्द्र पटेल, नितीश कुमार आदि मौजूद थे।

## चानो में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच पोशाक का वितरण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




प्रखंड के चानो उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को विद्यार्थियों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। विद्यालय प्रांगण में मुखिया गीता देवी, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व मुखिया डुमरचंद महतो, पंसस खेमिया देवी, समाजसेवी परमेश्वर महतो, विप्रस अध्यक्ष अख्तर अंसारी, सदस्य सुरेश महतो, तालेश्वर महतो, समाजसेवी प्रयाग दास, महादेव मुर्मू, भैरो राम के हाथों सभी विद्यार्थियों को झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग द्वारा उपलब्ध कराये गए दो-दो जोड़ी पोशाक, एक स्वेटर तथा जूता का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि बच्चे पोशाक पहन कर विद्यालय आएं। सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बच्चें समय पर विद्यालय पहुंचे और समग्र गतिविधियों पर भाग लें। कोडरमा सांसद प्रतिनिधि ने कहा की पोशाक बच्चों में एकरुपता लाती है। सभी साफ-सुथरा पोशाक पहन कर विद्यालय पहुंचे और पढ़ाई में अव्वल स्थान प्राप्त करें। मौके पर प्रधानाध्यापक ज्ञानाम्बुद, शिक्षक अजीत राम, पवन कुमार दास, उर्मिला पटेल, होरिल महतो, गफूर अंसारी, चंद्रशेखर प्रसाद, जागेश्वर प्रजापति, संजय कुमार, परमेश्वर महतो, मो अफजल हुसैन, प्रेमचंद महतो, ब्रजेश रजवार, विजय कुमार महतो, दीपक रविदास, उपेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ के बकसपुरा में झामुमो पंचायत कमेटी का किया गया गठन

### कुलदीप बने अध्यक्ष, तूफानी अंसारी व इकरार अंसारी उपाध्यक्ष मनोनीत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



प्रखंड झामुमो कमेटी द्वारा गुरुवार को बकसपुरा पंचायत कमेटी को लेकर बैठक की गई। अध्यक्षता मांडू विस सोशल मिडिया प्रभारी संजय कुमार पटेल ने की। प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मनोवर आलम की मौजूदगी में पार्टी संगठन का विस्तार एवं इसके मजबूत जनाधार के बाबत कई बातों पर चर्चा की गई। इसके उपरांत बकसपुरा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष कुलदीप महतो, उपाध्यक्ष तूफानी अंसारी व इकरार अंसारी, संयुक्त सचिव सरयू महतो, संगठन सचिव गांगो महतो व मुकेश महतो, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार का मनोनीत किये गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में बहादुर महतो, संतोष सिंह, किशोर कुमार महतो, सफीक अंसारी, मजलूम अंसारी, पवन कुमार महतो, आशिफ अंसारी, किशोर महतो, कुंजलाल महतो, धनेश्वर महतो, गौतम कुमार आदि का मनोनयन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आगामी विस चुनाव के मद्देनजर संगठन को बूथस्तर तक सुदृढ़ करना प्राथमिकता होगी। पार्टी में नए एवं ऊर्जावान युवाओं को अवसर देकर पार्टी को नई धार दी जाएगी। प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेवारी का निर्वहन बेहतर तरीके से करने की उम्मीद जताई। इसके उपरांत सभी को पार्टी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर मजलूम अंसारी, उस्मान अंसारी, शमशेर आलम, दिनेश कुमार महतो, शरीफ अंसारी, ओमप्रकाश कुमार, प्रदीप कुमार, बबली कुमार, किशोर महतो, राहुल कुमार, धनेश्वर कुमार, सूर्यकांत कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बुंडू : ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीण, सहायक अभियन्ता को दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत का बुंडू गांव पिछले पांच दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। ज्ञात हो की गांव में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर 13 मई को जल गया था। पांच दिन बीत जाने के बाद भी गांव को नया ट्रांसफार्मर नही मिला, जिससे गांव के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। साथ ही इस भीषण गर्मी में बिना बिजली से लोग त्राहिमाम है। वहीं गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली सहायक अभियंता को आवेदन देकर 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। जिससे गांव के लोग इस भीषण गर्मी से बच सकें। आवेदन देने वाले लोगो में किशुन महतो, परमेश्वर यादव, सरयू यादव, किशुन यादव, महावीर चौधरी, राजेश पंडित, बासुदेव यादव, बाबूलाल यादव, किशुन पंडित, लालो पंडित, जगदीश महतो, संतोष कुमार, महादेव प्रसाद, मुंशी यादव, सिकंदर यादव, महावीर यादव, तुलसी यादव, कविता मोसोमात, जगदीश महतो, महादेव गिरी, लक्ष्मण सिंह, महेश यादव, बाबूलाल गिरी, लाखो यादव, जगदीश यादव, राधिया मोसोमात, तुलसी यादव, राजेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, महेश यादव, जगदीश यादव, हीरामन यादव, प्रहालदी यादव एवं बंशी यादव सहित कई अन्य शामिल है।




## प्रभारी मंत्री के अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : समाहरणालय सभागार में जोबा मांझी, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग -सह-प्रभारी मंत्री, झारखंड की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में एजेंडा के अनुरूप विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति की समीक्षा किया तथा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया स बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, 15वें वित्त, जेएसएलपीएस की योजनाएं, कृषि, पशुपालन, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, आवास, शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, खेलकूद पर्यटन, नगर पंचाय, पर्यावरण संरक्षण एवं वन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, विद्युत, पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य पालन से सम्बंधित संचालित योजनाओं पर पदाधिकारियों से जानकारी लिया गया।बैठक में मंत्री के द्वारा जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए मन. रेगा के तहत संचालित दीदी बाड़ी योजना, डोभा, कुंआ निर्माण, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिट्टी मोरम से सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों को वृहत स्तर पर पारदर्शी तरीके से ससमय कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई। बैठक के दौरान समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति की स्थिति, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न चल रहे कार्यों व किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिक. ारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए लक्ष्यों को समय से पूरा करने की बात कही गई। साथ ही बैठक में जो भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं अगली बैठक तक उन्हें अवश्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गई। इसके अलावे बैठक के दौरान माननीय मंत्री महोदया द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनप्रति. निधियों द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न मामले उठाए गए है, जिस पर जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई करें।बैठक में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप निदेशक कोर एरिया, ब्याघ्र परियोजना, मेदिनीनगर, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि चतरा, विनीत मधुकर, विधायक प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक, आ. ईटीडीए विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डा० दिनेश कुमार, 20 सूत्री के सभी प्रखंड अध्यक्ष, 20 सूत्री के सभी सदस्य, अनुमंडल पदाधिक. ारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला पंचायती पदा. धिकारी, जनप्रतिनिधी , सं. बंधित विभाग के सभी पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी उपस्थित थे